# रजिस्ट्रार कार्यालय समाचार

## सितम्बर 2025

**दीक्षांत एवं पुरस्कार प्रदान समारोह**

मंडल का वार्षिक दीक्षांत समारोह नवम्बर 2023 तथा अप्रैल 2024 सत्र का सोमवार दिनांक 18 अगस्त 2025 को तेरणा ऑडीटोरीअम, नेरुल, 400703 में सम्पन्न हुआ। इस समारोह के लिए पुरे भारतवर्ष के 172 विद्यार्थी उपस्थित हुए थे।

इस समारोह के मुख्य अतिथि पद्मभूषण तथा पद्मविभूषण डॉ. सोनल मानसिंग, दिल्ली इनके करकमलों से पुरस्कृत विद्यार्थियों को पदवी एवं पुरस्कार प्रदान किये गये तद्‌पश्चात मुख्य अतिथि जी ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित किया।

**अप्रैल/मई - 2025 सत्र**

1. इस सत्र के परीक्षा परिणाम वेबसाइट पर अपलोड किये थे तथा सभी केंद्रव्यवस्थापकों के पते पर अंकतालिकाएँ रवाना हो चुकी है।
2. इस सत्र का परीक्षक मानधन भेजने का कार्य शुरू है।

**नवम्बर/दिसम्बर - 2025 सत्र**

1. इस सत्र के परीक्षाओं के आवेदन पत्र ऑनलाइन प्रणाली के अंतर्गत दि. 15 जुलाई 2025 से 14 अगस्त 2025 तक रेग्युलर परीक्षा शुल्क के साथ स्वीकृत किये गए है। तथा 15 अगस्त से 24 अगस्त 2025 तक विलम्ब शुल्क के साथ आवेदन पत्र स्वीकृत किये गये है।
2. इस सत्र की लिखित परीक्षा रविवार दि. 16 नवम्बर 2025 को संपन्न होगी एवं क्रियात्मक परीक्षाएं 1 नवम्बर 2025 से 25 दिसम्बर 2025 तक संपन्न करना है।
3. इस सत्र में सभी परीक्षाओं के साथ ओडिसी नृत्य तथा संगीताचार्य परीक्षाएं संपन्न होगी।
4. इस सत्र से छात्रों के प्रवेशपत्र Student Login पर प्राप्त होंगे।
5. इस सत्र के मार्कशिट तथा अन्य परीक्षा साहित्य सितम्बर के अंतिम सप्ताह से केन्द्रों के और भेजना आरंभ होगा।
6. परीक्षा सबंधित सभी बातों पर रजिस्ट्रार का निर्णय अंतिम होगा।

रजिस्ट्रार

(अ.भा.गां.म.वि.मंडल, मुंबई)



ISSN No. 0036-4320